प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.02.2025
समय : 01:00 पी.एम.

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्‌घाटन किया। तीन दिवसीय मेले का विषय उन्नत कृषि – विकसित भारत है। मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित अत्याधुनिक किस्मों और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर केंद्रित तकनीकी सत्र और किसान–वैज्ञानिक चर्चा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर कृषि–परामर्श भी दिया जाएगा।

राज्य बजट की घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए मंत्री और सचिव आज से प्रभारी जिलों के दौरे पर है। दो दिन तक वे जिलों में बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन और प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, बजट घोषणा के संबंध में भूमि चिन्हीकरण और आवंटन की स्थिति के बारे में जिला कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं की समीक्षा भी की जायेगी। मंत्री और सचिव द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट 24 फरवरी तक राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड की जायेगी।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। जयपुर में भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में उनके नाम की घोषणा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित अन्य राजनेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वां कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

चूरू महोत्सव आज से शुरू हुआ। तीन दिन चलने वाले महोत्सव की शुरूआत शोभायात्रा के साथ हुई। महोत्सव के दौरान गायन, वादन सहित कई तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। राजधानी जयपुर में एल्बर्ट हॉल पर पर्यटन विभाग के पाक्षिक कार्यक्रम कल्चरल डायरीज़ के तहत आज पद्‌मश्री से सम्मानित लोकगायक गनीबंधु मांड गायन की प्रस्तुति देंगे। वहीं पाली के भगवान रघुनाथ मंदिर में आज से फागोत्सव शुरू होगा।

भीलवाड़ा में कल से विशेष अभियान चलाकर 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीबी की वैक्सीन लगाई जायेगी। अभियान के तहत कल साईकिल रैली निकाली जायेगी और लोगों को टीबी की रोकथाम, बचाव तथा इसके उपचार के बारे में जानकारी दी जायेगी।

राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड ने विभिन्न पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाओं की तारीख घोषित कर दी है। ये परीक्षाएं मार्च और अप्रेल में ऑनलाइन माध्यम से करवाई जाएंगी। विभाग की प्रमुख शासन सचिव, मंजू राजपाल ने बताया कि इन भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से राजफैड में 49 तथा

अपेक्स बैंक और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 449 पदों को भरा जाएगा। परीक्षाओं से संबंधित सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पाली के बाली में एक सड़क दुर्घटना में दम्पत्ति की मृत्यु हो गई और चार स्कूली बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। ये दुर्घटना कार के स्कूल बस से टकरा जाने से हुई। घायलों का ईलाज पाली के बांगड़ अस्पताल और बाली उप जिला अस्पताल मे चल रहा है। वहीं कोटपूतली में जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मोटरसाईकिल पर सवार दो युवक राहगीर से टकरा गए। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई।

बाड़मेर ज़िले में कल चार पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता दी गई। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने स्थाई वास के आधार पर रह रहे अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों के नागरिकता संबंधी लंबित आवेदनों के निस्तारण के बाद ये प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रमाण पत्र पाने वालों में गुड्डी बाई, जेतमाल सिंह, सवाई सिंह और लक्ष्मी बाई शामिल हैं। भारत के नागरिक बनने के बाद इन लोगों ने खुशी का इज़हार किया।

प्रदेश में बीते 24 घंटों में तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और नागौर सहित कुछ शहरों में रात का तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। विभाग के अनुसार 26 फरवरी तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कल और परसों तापमान में बढ़ोतरी होने और दिन में कुछ शहरों में गर्मी बढ़ने की संभावना जताई गई है।